अमर उजाला 07/05/2023

# पलमीत ने यूनिवर्सिटी स्तर पर पाया स्थान

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की छात्रा पलमीत ने एक बार फिर से अपनी काबिलियत का प्रदर्शन करते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र की वार्षिक परीक्षा के तीसरे सेमेस्टर में स्वर्णिम अक्षरों से अपने हस्ताक्षर किए। हाल ही में एमए अंग्रेजी तृतीय सेमेस्टर 2022 का परिणाम आया। इसमें जीएमएन कॉलेज की छात्रा पलमीत ने मेरिट सूची में 500 में से 368 अंक प्राप्त कर अपना नाम दर्ज किया।

छात्रा पलमीत ने पूरे विश्व विद्यालय की मेरिट सूची में पांचवां स्थान प्राप्त कर जीएमएन महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस गौरवमयी अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग व मेरिट प्राप्त छात्रा को अपनी बधाई प्रेषित की। कॉलेज गवर्निंग बॉडी के प्रधान डॉ. गुरदेव सिंह और अन्य सदस्यों ने इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं को भविष्य में इसी तरह कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। संवाद